# हमारे छात्रों का पुनः स्वागत करते हुए: सुरक्षित स्कूलों की बहाली

**सार्वजनिक और आत्मनिर्भर दोनों प्रकार के विद्यालय के छात्रों के लिए विद्यालय एवं कक्षा निर्देश मंगलवार ८ सितंबर से शुरू होंगे । यहां आप और आपके परिवार की सहायता के लिए कुछ जानकारी दी गई है**:

## <u>स्कूल अनुसूचियां</u>

- किंडरगार्टन (Kindergarten) से ८ वीं तक के छात्र सप्ताह में ५ दिन सोमवार-शुक्रवार को स्कूल जाएंगे ।
- विद्यालय के सुरक्षित दूरी का नियम पालन कर सकने की स्थिती में ९ वीं से १२ वीं तक के छात्र भी सप्ताह में ५ दिन सोमवार-शुक्रवार को स्कूल जा सकेंगे । कृपया अपने स्कूल की वेबसाइट देखें ।
- विशेष आवश्यकता (special needs) वाले छात्रों को सप्ताह में ५ दिन सोमवार से शुक्रवार तक स्कूल जाने की अनुमति होगी। भाषा की ज़रूरतें भी इस अन्तर्गत आ सकती हैं - कृपया अपने स्कूल से जांच करें।
- विद्यालय शुरू और अंत होने का समय COVID से पहले की तरह ही रहेगा । अनिश्चितता की स्थिती में, कृपया स्कूल की वेबसाइट देखें या स्कूल कार्यालय से संपर्क करें ।
- अभिभावक को विद्यालय में प्रवेश के लिए प्रोत्साहित नहीं किया जाता है। विद्यालय में प्रवेश (entrance) और निकास (exit) की निगरानी की जाएगी । माता-पिता और आगंतुक कार्यालय में रिपोर्ट करें ।

## <u>दूरस्थ शिक्षा बनाम होमस्कूलिंग</u> <u>(Remote Learning vs. Homeschooling)</u>

- दूरस्थ शिक्षा और होमस्कूलिंग अलग हैं। होमस्कूलिंग का अर्थ है अपने बच्चे को स्वतंत्र रूप से पढ़ाई-लिखाई करना जिसमें अतिरिक्त कार्य और लागत शामिल होता है। विद्यालय कर्मचारियों के सहयोग से दूर रहकर सीखना दूरस्थ शिक्षा है।
- विशिष्ट कारण (उदाहरण के लिए चिकित्सक का नोट) को छोड़कर, छात्रों के घर से पठन-पाठन की बात पर अब विद्यालय समर्थन नहीं कर रहे हैं । यदि आपका बच्चा चिकित्सा कारणों से उच्च जोखिम में है, तो स्कूल डिवीजन आपके बच्चे के लिए एक व्यक्तिगत योजना बनाएगा जिसमें दूरस्थ शिक्षा की आवश्यकता हो सकती है। अपनी योजना बनाने के लिए आपको अपने स्कूल डिवीजन से संपर्क करना होगा।
- अगर किसी परिवार ने वर्ष की शुरूआत होमस्कूलिंग से की है और वे वर्ष के मध्य से विद्यालय जाना चाहे तो स्कूल को उन्हें कक्षा में वापस लेना होगा ।
- यदि आपने दूरस्थ शिक्षा को ग़लती से होमस्कूलिंग समझा और भूलवश अपने बच्चे को पंजीकृत किया हो तो आप तुरंत अपने स्कूल से संपर्क करें ।

## **कोविड़ (COVID) सुरक्षा उपाय**

- शिक्षक और विद्यालय के कर्मचारी सार्वजनिक स्वास्थ्य अधिकारियों से प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे।
- सुरक्षित रहने के महत्वपूर्ण तरीक़े:
    - अन्य लोगों से ६ फ़ीट या २ मीटर की दूरी पर रहें। इसे फ़िज़िकल डिस्टेंसिंग कहा जाता है।
    - सार्वजनिक स्थान के अंदर या अन्य लोगों के नज़दीक होने पर मास्क पहनें।
    - अपने हाथों को बार-बार धोएं या सैनिटाइज़ (Sanitize) करें। २० सेकंड तक साबुन पानी का प्रयोग करें !
    - लोगों से गले न लगाएं, हाथ न मिलाएं।
    - व्यक्तिगत वस्तुओं को साझा न करें जैसे खाना, लिप बाम (lip balms), बालों का सामान, मास्क । इस वर्ष स्कूल में लॉकर (locker) का प्रयोग नहीं किया जाएगा।
    - अपनी नाक, मुंह और आंखों को छूने से बचें।
    - खांसी या छींक आने पर आस्तीन या टिश्यू (tissue) में करें और फिर तुरंत अपने हाथ धोएं ।
    - यदि आपने मैनिटोबा से बाहर यात्रा की है, COVID संक्रमित होने के संदेह वाले किसी व्यक्ति के संपर्क में आए हैं या आपको लगे कि आपमें COVID के लक्षण दिख रहे हैं, तो घर पर रहें और स्वयं को दूसरों से अलग रखें।

## **लक्षण और घर भेजे जाने के लिए जांच प्रक्रिया**

- स्कूल भेजने से पहले हरेक दिन माता-पिता अपने बच्चों को जांच कर यह सुनिश्चित करें कि उनके पास COVID के कोई संकेत या लक्षण नहीं हैं:
    - बुख़ार / ठंड लगना
    - खांसी या नाक में बहाव
    - सांस लेने मे तकलीफ़
    - मांसपेशियों में दर्द और थकान
    - मतली और उल्टी
- यदि आपके बच्चों में COVID के लक्षणों की अनुभूति हो रही है है, तो आप उन्हें घर पर ही रखें, यदि आप उन्हें स्कूल भेजते हैं तो उन्हें घर वापस भेज दिया जाएगा।
- स्कूल के समय यदि आपके बच्चे में लक्षण दिखना शुरू हुआ तो आपको तुरंत सूचित किया जाएगा । आपको उन्हें जल्द से जल्द लेने आना होगा। जब तक आप उन्हें लेने के लिए आ नहीं पाएंगे तब तक उन्हें अपनी कक्षा एवं दूसरों से अलग रखा जाएगा।

## **विद्यार्थी समूह**

- छात्रों को छोटे समूहों में विभाजित किया जा सकता है जिन्हें कोहॉर्ट (Cohort) कहा जाता है जैसे 'कक्षा समूहीकरण' (a classroom grouping)
- हर कोहॉर्ट समूहों के बीच ४ मीटर की दूरी रखना अनिवार्य है। अपने कोहॉर्ट समूह के भीतर १ मीटर की दूरी पर विद्यार्थी रह रकते हैं। लेकिन छात्रों को अन्य कोहॉर्ट समूहों के साथ घुल-मिल करने की अनुमति नहीं होगी।
- कोहॉर्ट समूहों का स्कूल आने और स्कूल से जाने का समय अलग-अलग होगा, इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि आपको इस बात की जानकारी हो कब आपके बच्चे को स्कूल में होना चाहिए और कब स्कूल से जाएंगे ।
- कोहॉर्ट समूहों में लंच ब्रेक और विश्राम (Recess) एक साथ होगा। लेकिन लंच ब्रेक और विश्राम अलग-अलग समय में होगा।

## मास्क और सुरक्षा उपकरण

- कक्षा ४ और उससे ऊपर के विद्यार्थियों को स्कूल के भीतर मास्क पहनना होगा।
- कक्षा ४ से नीचे के विद्यार्थी भी अपने माता पिता के निर्देश पर मास्क पहन सकते हैं।
- कक्षा ४ से १२ के विद्यार्थियों को स्कूल बसों में मास्क पहनना अनिवार्य होगा। बस चालकों (drivers) को भी मास्क पहनना अनिवार्य होगा।
- अपने बच्चे के लिए एक पुन: प्रयोज्य (Reusable) मास्क व्यवस्था करने का प्रयास करें। मास्क को लेबल करें (नाम लिखें) और उन्हें अभ्यास करके दिखाएं कैसे ख़ुद लगाना और उतरना है।
- अगर मास्क पुन: प्रयोज्य है तो लगाने से पहले धोएं या सैनिटाइज़ (Sanitize) करें। यह सुनिश्चित करें कि मास्क गंदा नहीं है या किसी अन-सैनिटाइज़्ड (un-sanitized) सतह को छुआ नहीं है।
- यदि अपने बच्चे के लिए आप नॉन-मेडिकल (nonmedical) मास्क की व्यवस्था नहीं कर पाए तो स्कूल को ख़बर करें। स्कूल आपके बच्चे के लिए एक मास्क का व्यवस्था करेगा।

## स्कूल समय में और स्कूल समय के पश्चात् होने वाले कार्यक्रम (During and After School Programs)

- डेकेयर (day-care) को छोड़कर स्कूल समय में ना ही अधिकांश सामुदायिक कार्यक्रम (community programs) स्कूल में सञ्चालन होंगे ना ही स्कूल के बाहर अधिकांश आफ्टर स्कूल (after school programs) कार्यक्रम चलेंगे।
- कृपया अन्य विकल्पों के बारे में स्कूलों और सामुदायिक संगठनों (community organizations) से जाँच कर निश्चित करें।
- स्कूल में नाश्ता उपलब्ध नहीं कराया जाएगा। विद्यार्थी अपने खाने का सामान खुद ले आएं।
- लंच प्रोग्राम (lunch program) का ऑफर जारी रहेगा लेकिन कक्षा (classroom) के भीतर होगा।

## अधिक जानकारी

- सभी अद्यतन प्रोटोकॉल (updated protocols) वाले फैक्टशीट (factsheets) स्कूल द्वारा अभिभावकों को वितरित किए जाएंगे। यदि आपको नई जानकारी को समझने में सहायता की आवश्यकता है तो कृपया स्कूल या कम्युनिटी सपोर्ट (community support) से संपर्क करें।